RAF SECTOR
NEWS CLIP
31/12/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prayagraj, Allahabad, (UP)

आत्महत्या रोकना समाज की जिम्मेदारी है- डा. कुंदन

शांतिपुरम स्थित आरएएफ परिसर में मंगलवार को क्षेत्रीय कावाध्यक्षा प्रीती गौतम की अगुवाई में 'आत्महत्या की रोक थाम -एक सामूहिक जिम्मेदारी' विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। वाहिनी के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुन्दन कुमार सिंह ने कहा कि समाज में बढ़ती हुई आत्महत्या सम्पूर्ण विश्व के लिए चिन्ताजनक है, जिसकी रोकथाम सम्पूर्ण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने आत्म्हत्या के विभिन्न कारणा को जैसे सामाजिक, साईकोलोजिकल और बाईलोजिकल विन्दुओं को समझाया तथा बढ़ती हुई आत्महत्या जैसी गंभीर मुद्दों को कम करने के उपायों को भी बताया। कार्यक्रम में द्वितीय कमांडेंट नरेन्द्र कुमार ने भी आत्महत्या जैसे गंभीर मुद्दों की रोकथाम से संबंधित जानकारी जवानों व उनके परिजनों को दी। इस दौरान उपकमांडेंट विनोद कुमार, बृजेश कुमार दुबे अन्य अधिकारी एवं आरएएफ के जवान व उनके परिजन मौजूद रहे।

Prabhat Khabar,Jamshedpur, (JKD)

106 बटालियन मैदान में योग प्रतियोगिता संपन्न

जमशेदपुर. सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर जमशेदपुर की ओर से परसुडीह स्थित आरएएफ-106 बटालियन मैदान में आयोजित दो दिवसीय योग चैंपियनशिप का समापन मंगलवार को हुआ. बतौर मुख्य अतिथि उपमहानिरीक्षक डॉ आशीष शुक्ला, 106

बटालियन के कमांडेंट निशित कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद थे. प्रतियोगिता में कुल 22 बटालियन के 48 प्रतिभागी शामिल हुए. प्रतिभागियों को जज करने के लिए योग शिक्षक मदनलाल शर्मा मौजूद थे. योग चैंपियनशिप का आयोजन उप कमांडेंट केएन हलदर की देखरेख हुआ.

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

दिनांक 27/12/2021 को 100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल में श्री जतीन किशोर, द्वितीय कमान अधिकारी, कमांन्डेण्ट (CCD) द्वारा चार सप्ताह "ओव्हर वेट फिटनेस प्रशिक्षण" आरंभ की घोषणा की गई।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।